**Collaboration of Chaudhary Charan Singh University, Meerut and**

**Minin Nizhny Novgorod State Pedagogical University, Russia**

हिन्दुस्तान

# सीसीएसयू कैंपस से खुलेंगे रूस जाने के दरवाजे

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। चौ. चरण सिंह विवि से छात्र-छात्राओं के लिए रूस जाकर कॅरियर बनाने का दरवाजे खुलेंगे। प्रदेश में पहले केंद्र के रूप में विवि में मंगलवार को मिनिन निजनी नोवगोरोड स्टेट पेडागोगिकल यूनिवर्सिटी रूस ने रूसी भाषा का अध्यापन शुरू कर दिया। मिनिन विवि इस केंद्र को वित्त पोषित भी करेगी।

अगले साल रूस से छात्रों का समूह सीसीएसयू कैंपस पहुंचेगा। सीसीएसयू भी रूसी छात्रों के लिए एक केंद्र शुरू करेगा। विवि में शुरू हुए केंद्र से छात्र रूसी भाषा सीखकर आगे की पढ़ाई के लिए रूस का रुख कर सकेंगे। केंद्र का उद्घाटन इसी महीने लखनऊ में होगा। मंगलवार को मिनिन विवि रूस से इंफोर्मेशन पॉलिसी सेंटर के हेड नियाजिवा ओल्गा एवं भाषा शिक्षिका कैंपस पहुंचीं। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के साथ बैठक करके विभिन्न मुद्दों पर बात की।



कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के साथ बैठक करता मिनिन विवि का प्रतिनिधिमंडल।

## छात्रों के लिए लगी क्लास

आईक्यूएसी में विभिन्न विभागों से चयनित 20 छात्र-छात्राओं को रूसी शिक्षिका ने पढ़ाई शुरू कराई। सेंटर फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन के निदेशक प्रो.आरके सोनी के अनुसार मिनिन विवि 250 विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा देगा। छात्रों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों मोड में बुनियादी रूसी भाषा एवं संस्कृति को सिखाया जाएगा। प्रो.मृदुल गुप्ता, प्रो.एसएस गौरव, प्रो.शैलेंद्र शर्मा, प्रो.एसके दत्ता, प्रो. अनिल मलिक, प्रो. बिंदु शर्मा, डॉ. प्रियंका कक्कड़, कुलसचिव धीरेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

[redacted]

**सीसीएसयू** रूस के मिनिन यूनिवर्सिटी से हुए करार के तहत पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

# सीसीएसयू में रूस की शिक्षिका ने ली रूसी भाषा की क्लास

**15 को होगा रूसी अध्ययन केंद्रा का शुभारंभ**

**MEERUT (5 Sept, JNN):** भारतीय ज्ञान प्रणाली के साथ ही शिक्षकों, छात्रों, संस्कृति के आदान-प्रदान के लिए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ करार किए जा रहे हैं. इस कड़ी में रूस की मिनिन निझनी नोवगोरोड स्टेट पेडोगोजिकल यूनिवर्सिटी सीसीएसयू परिसर में रूसी अध्ययन केंद्र खोलने जा रहा है. इसके अंतर्गत रूस की शिक्षिका सिमोनेंको लिडमिला ने मंगलवार को रूसी भाषा की क्लास ली. प्राथमिक तौर पर 20 विद्यार्थियों के लिए रूसी भाषा के सर्टिफिकेट कोर्स की क्लास शुरू की गई है. यह आठ दिनों में 36 घंटे की क्लास होगी. कक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर की सुबह 10 बजे से पहले ही होंगी जिससे सामान्य पठन-पाठन बाधित न हो. जरूरत पड़ने पर दूसरा बैच अपरान्ह चार बजे के बाद शाम को संचालित होगा. सिमोनेंको चार महीने मेरठ में ही रहेंगी और करीब ढाई सौ विद्यार्थियों को रूसी भाषा से संबंधित कोर्स पढ़ाएंगी.

PIC: JNN




सीसीएसयू में छात्रों को पढ़ाती रूसी टीचर.

## आइक्यूएसी सेंटर में हुई क्लास

मिनिन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल मे शिक्षिका सिमोनेंको के साथ यूनिवर्सिटी के इन्फार्मेशन पालिसी सेंटर के हेड नियाजेवा ओल्गा भी मेरठ आए है. सुबह कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने दोनो प्रतिनिधियों का स्वागत किया. बैठक मे विस्तृत चर्चा के बाद दोपहर एक बजे आइक्यूएसी सेंटर मे पहली क्लास हुई. सीसीएसयू के सेंटर फार इंटरनेशनल कोआपरेशन के निदेशक प्रोफेसर आरके सोनी के अनुसार आनलाइन व आफलाइन क्लास मे बुनियादी रूसी भाषा, रूस की संस्कृति आदि के बारे मे विद्यार्थी सीखेंगे. इस कोर्स के क्रेडिट विद्यार्थियो के कोर्स वर्क मे जोड़े जाएंगे. जनवरी-फरवरी मे रूसी छात्र भी सीसीएसयू का दौरा करेंगे.

## 15 को होगा शुभारंभ

सीसीएसयू में रूसी भाषा विभाग के अंतर्गत रूसी अध्ययन केंद्र खोलने संबंधी प्राथमिक करार सीसीएसयू और मिनिन यूनिवर्सिटी के बीच हो चुका है. अध्ययन केंद्र से संबंधित आधिकारिक एमओयू 14 सितंबर को राजभावन में राज्यपाल आनंदी बेन और रूसी शिक्षा मंत्री व मिनिन यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के बीच होना प्रस्तावित है. वहीं 15 सितंबर को सीसीएसयू परिसर में रूसी अध्ययन केंद्र का विधिवत आरंभ करने के साथ ही पहले बैच के 20 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे.

# सीसीएसयू में रूस की शिक्षिका ने ली रूसी भाषा की क्लास

## रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी से हुए करार के तहत पहुंचा प्रतिनिधिमंडल, अभी 20 विद्यार्थियों के लिए सर्टिफिकेट कोर्स की क्लास शुरू

जागरण संवाददाता, मेरठ : भारतीय ज्ञान प्रणाली के साथ ही शिक्षकों, छात्रों व संस्कृति के आदान-प्रदान के लिए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) की ओर से अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ करार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रूस की मिनिन निझनी नोवगोरोड स्टेट पेडोगोजिकल यूनिवर्सिटी सीसीएसयू परिसर में रूसी अध्ययन केंद्र खोलने जा रहा है। इसके अंतर्गत रूस की शिक्षिका सिमोनेंको लिडमिला ने मंगलवार को रूसी भाषा की क्लास ली। प्राथमिक तौर पर 20 विद्यार्थियों के लिए रूसी भाषा के सर्टिफिकेट कोर्स की क्लास शुरू की गई है। यह आठ दिनों में 36 घंटे की क्लास होगी। कक्षाएं परिसर की सुबह 10 बजे से पहले ही होंगी जिससे सामान्य पठन-पाठन बाधित न हो। जरूरत पड़ने पर दूसरा बैच अपराह्न चार बजे के बाद शाम को संचालित होगा। सिमोनेंको चार महीने मेरठ में ही रहेंगी और करीब ढाई सौ विद्यार्थियों को रूसी भाषा से संबंधित कोर्स पढ़ाएंगी।




चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी डिपार्टमेंट में विद्यार्थियों के साथ रूसी भाषा सिखाने पहुंचा रूस के शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल • जागरण

**15 को होगा रूसी अध्ययन केंद्र का शुभारंभ :** सीसीएसयू में रूसी भाषा विभाग के अंतर्गत रूसी अध्ययन केंद्र खोलने संबंधी प्राथमिक करार सीसीएसयू और मिनिन यूनिवर्सिटी के बीच हो चुका है। अध्ययन केंद्र से संबंधित आधिकारिक एमओयू 14 सितंबर को राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन और रूसी शिक्षा मंत्री व मिनिन यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के बीच होना प्रस्तावित है। वहीं 15 सितंबर को सीसीएसयू परिसर में रूसी अध्ययन केंद्र का विधिवत आरंभ करने के साथ ही पहले बैच के 20 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

**आइक्यूएसी सेंटर में हुई पहली क्लास :** मिनिन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल में शिक्षिका सिमोनेंको के साथ यूनिवर्सिटी के इन्फार्मेशन पालिसी सेंटर के हेड नियाजेवा ओल्गा भी मेरठ आए हैं। सुबह कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने दोनों प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद दोपहर एक बजे आइक्यूएसी सेंटर में पहली क्लास हुई। सीसीएसयू के सेंटर फार इंटरनेशनल कोआपरेशन के निदेशक प्रो. आरके सोनी के अनुसार आनलाइन व आफलाइन क्लास में बुनियादी रूसी भाषा, रूस की संस्कृति आदि के बारे में विद्यार्थी सीखेंगे। इस कोर्स के क्रेडिट विद्यार्थियों के कोर्स वर्क में जोड़े जाएंगे। जनवरी-फरवरी में रूसी छात्र भी सीसीएसयू का दौरा करेंगे।